# अलवर के सड़क तंत्र के विकास को लेकर दिल्ली में बैठक हुई

**अलवर/खैरथल।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव व वन राज्य मंत्री संजय शर्मा के नेतृत्व में अलवर के विकास को लेकर अलवर क्षेत्र से विधायक, पूर्व विधायक एवं पार्टी पदाधिकारी का प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग तथा जहाजरानी मंत्री नितिन गडकरी के साथ बैठक कर अलवर लोकसभा क्षेत्र में सड़क तंत्र के विस्तार उसे सुदृढ़ करने व नये निर्माण कार्यों के संबंध में विस्तार से मांग रखी।



दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के आवास पर अलवर के विकास को लेकर बैठक हुई।

- बैठक में अलवर लोकसभा क्षेत्र में सड़क मार्ग विस्तार व नये निर्माण कार्यों की सैद्धांतिक सहमति के रूप में सौगातें मिली

अलवर के विकास को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के दिल्ली निवास पर मंगलवार को हुई बैठक में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, वन राज्य मंत्री संजय शर्मा सहित तिजारा विधायक महंत बालकनाथ योगी, रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह, जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर, सड़क एवं परिवहन मंत्रालय सचिव उमाशंकर, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं महासिंह चौधरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीड़ा अतुल प्रकाश, पूर्व विधायक किशनगढ़ बास रामहेत सिंह यादव, पूर्व विधायक मनजीत चौधरी, पूर्व विधायक जयराम जाटव, पूर्व विधायक मामन सिंह यादव, प्रधान दौलत राम जाटव व वीरवती देवी, संजय नरूका, बलवान सिंह यादव, मोहित यादव, बस्तीराम यादव, संदीप दायमा, बन्ना राम मीणा, इंद्र यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

बैठक में अलवर सांसद व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, वन राज्य मंत्री संजय शर्मा सहित जन प्रतिनिधियों ने सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का अलवर दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे, सरिस्का एलिवेटेड रोड परियोजना, पनियाला-बड़ौदा मेव एक्सप्रेस-वे (भारतमाला परियोजना), तथा सीआर आईएफ परियोजनाओं की सौगातों पर आभार व्यक्त किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने अलवर लोकसभा क्षेत्र की सड़क विकास आवश्यकताओं और प्रस्तावित नए प्रोजेक्ट्स की विस्तृत प्रेजेंटेशन देते हुए बताया कि प्रगतिरत मुंडावरा-तालवृक्ष-कुशालगढ़-नटनी का बारां एंव अलवर (बड़ौदा मेव) से आगरा स्पर के तहत कार्य का कम प्रगति से होना अवगत कराया जिस पर केंद्रीय सड़क मंत्री ने बैठक के दौरान एनएचआई के उच्च अधिकारियों को दूरभाष से निर्देशित किया कि कार्य को गुणवत्ता पूर्वक करते हुए तेजी से करें। उन्होंने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में बगड़ तिराया से नौगांव सेक्शन एनएच 248, अलवर नूंह सेक्शन की 2 लेन शोल्डर सड़क को 4 लेन शोल्डर सड़क के साथ चौड़ा करने के नए प्रस्ताव पर चर्चा की ताकि एनसीआर अलवर क्षेत्र के ट्रैफिक जाम को कम किया जा सके जिस पर केंद्रीय सड़क मंत्री ने अधिकारियों को सर्वे कर प्रस्ताव बनाने की निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने ने एनएच 248ए के अलवर नूह खंड पर स्थित रामगढ़ बाइपास और रेलवे समपार संख्या 95 पर लेफ्ट हैंड साइड सहित रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण कार्य को अनुमोदित एवं कार्य प्रारंभ करने हेतु केंद्र सड़क मंत्री को अवगत कराया।

केंद्रीय वन मंत्री यादव ने भिवाड़ी जलभराव समस्या पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि भिवाड़ी क्षेत्र में 6 एमएलडी सीईटीपी के माध्यम से औद्योगिक इकाइयों का दूषित पानी शोधित कर उन्हें आरओ संयंत्र के माध्यम से औद्योगिक इकाइयों को पुन उपयोग हेतु भेजा जा रहा है तथा घरेलू दूषित पानी के नियंत्रण हेतु 34 एमएलडी के एसटीपी का कार्य प्रगति रत है जिससे भिवाड़ी क्षेत्र में दूषित पानी की समस्या का समाधान होगा। जिस पर केंद्रीय सड़क मंत्री ने नेशनल हाईवे पर होने वाले जल भराव की समस्या के समाधान हेतु केंद्रीय स्तर पर दोनों राज्यों एवं एनएचएआई के अधिकारियों कि उच्च स्तरीय बैठक आयोजित कर स्थाई समाधान कराने का भरोसा दिया।

इसके साथ उन्होंने नीमराना से भिवाड़ी तक प्रस्तावित सड़क को भिवाड़ी से केएमपी तक बढ़ाने तथा एनएचएआई द्वारा विकसित कराए जाने का प्रस्ताव रखा, इसके निर्माण से उच्च गति वाला संपर्क मार्ग मिलेगा जिससे यात्रा समय में कमी आएगी और भिवाड़ी अलवर मार्ग अथवा केएमपी एक्सप्रेस-वे तक जाने वाले अन्य स्थानीय मार्गों पर जाम की समस्या से राहत मिलेगी साथ ही उद्योगों को अपने माल को केएमपी और दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे पर लाने-ले जाने में सुविधा मिलेगी। जिस पर केंद्रीय राजमार्ग मंत्री ने विचार करने का आश्वासन दिया।

केंद्रीय मंत्री यादव ने प्रगतिरत एनएच 921 के चार लाइन में चौड़ाइकरण के सहित महुआ, मंडावर, गढी सवाईराम एवं माचाड़ी में बाइपास तथा पुनर्संरक्षण का निर्माण कार्य को जल्द शुरू करवाने का प्रस्ताव रखा जिस पर उन्होंने दिसंबर माह तक सभी स्वीकृतियां प्रदान कर शुरू करने के निर्देश दिए। अलवर की लाइफ लाइन भिवाड़ी से सिकंदरा तक स्टेट हाईवे 25 को नेशनल हाईवे घोषित करने का प्रस्ताव रखा। जिस पर केंद्रीय सड़क मंत्री ने इसे गति शक्ति योजना के तहत प्रस्ताव तैयार कर आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

बैठक में केंद्रीय वन मंत्री की अवगत कराने पर केंद्रीय सड़क मंत्री ने बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र से गुजरने वाले दिल्ली-जयपुर एनएच 48 के मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य को आगामी तीन माह में पूर्ण गुणवत्ता के साथ कर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में पनियाला बड़ौदा मेव एक्सप्रेसवे (भारतमाला परियोजना) पर ग्रामीण इलाके टेहडकी, काली पहाड़ी, पहल आदि क्षेत्र में एक्सप्रेसवे के दोनों ओर सर्विस रोड का निर्माण एवं ग्राम पेहल के पास लिंक रोड का निर्माण (ओडीआर 35 ततारपुर चौराह से हरियाणा सीमा तक) का प्रस्ताव रखा।

# सायबर क्राइम के मामले में एक युवक गिरफ्तार

## सात महीने में दो करोड़ की ठगी की, पांच की तलाश जारी

**नवलगढ़, (निसं)।** एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय के नेतृत्व में लगातार साइबर क्राइम से जुड़े लोगों की धरपकड़ हो रही है। इसी क्रम में नवलगढ़ पुलिस ने एक साइबर ठगी के अंतरराज्यीय गैंग का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसके पांच साथियों को नामजद कर लिया है। पुलिस जानकारी के

- सायबर ठगी की अंतरराज्यीय गैंग चला रहा था युवक

अनुसार नवलगढ़ के नेतावाली ढ़ाणी हाल भोपाल मध्यप्रदेश निवासी 32 वर्षीय विकास सैनी पुत्र मूलचंद सैनी व उसके साथियों के खिलाफ साइबर क्राइम की 13 शिकायतें दर्ज थी। ये अलग-अलग 12 राज्यों से थी। शिकायतों के बाद कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए पुलिस विकास सैनी तक पहुंची, जिसके बाद चौंकाने वाले खुलासे हुए। पुलिस के सामने आया कि विकास सैनी ने अपने साथियों के साथ मिलकर दो खातों में ही पिछले सात माहा के दौरान करीब दो करोड़ रूपए की ठगी कर डाली, जबकि विकास और उसके साथियों ने 100 से 150 भोले भाले लोगों के बैंक अकाउंट ले रखे है। विकास के पास से पुलिस ने छह एटीएम कार्ड, पांच सिम कार्ड, दो एंड्रायड फोन और एक औरा गाड़ी जब्त की है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि विकास और उसके साथी भोपाल से किराए पर अकाउंट लेकर नवलगढ़ में साथी ठगों के साथ मिलकर साइबर फ्रॉड करते थे। ये सभी पीक, एसपे, बाईनेन्स एप पर यूएसडीटी का भी लेनदेन किराए के खातों में कर भारतीय रुपए में विड्रोल करते थे। यह कार्रवाई एएसपी देवेंद्र सिंह राजावत के मार्गदर्शन, डीएसपी राजवीर सिंह के सुपरविजन तथा सीआई सुगनसिंह के नेतृत्व में कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपी विकास को कोर्ट में पेश किया है, जहां से उसे पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस नामजद पांच साथियों की तलाश में लग गई है। कार्रवाई में एएसआई सुरेश कुमार, हैड कांस्टेबल शुभकरण, कांस्टेबल नरेंद्र, कुलदीप और जितेंद्र की भूमिका रही।




नवलगढ़ पुलिस ने सायबर ठगी के आरोपी को गिरफ्तार किया

# पुलिस महानिदेशक का बाड़मेर दौरा, अपराधों पर नियंत्रण के लिए बैठक ली

## पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने जोधपुर रेंज के पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर अपराध नियंत्रण के निर्देश दिये

**जयपुर/जोधपुर।** जोधपुर रेंज में अपराधों पर अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से राजस्थान पुलिस के महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने दो दिवसीय दौरे पर बाड़मेर का दौरा किया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें अपराध नियंत्रण के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। पुलिस कंट्रोल रूम के कॉन्फ्रेंस


- बैठक में जोधपुर ग्रामीण, पाली, जालोर, सिरोही, बाड़मेर, जैसलमेर, बालोतरा, फलौदी जिलों के पुलिस अधीक्षक, मनोनीत वृताधिकारी व थाना अधिकारी उपस्थित रहे

हॉल में आयोजित इस बैठक में महानिरीक्षक पुलिस जोधपुर रेंज राजेश मीना और बाड़मेर पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीना ने महानिदेशक की अगवानी की। पुलिस लाइन में जवानों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। बैठक में उपमहानिरीक्षक पुलिस कार्मिक आलोक श्रीवास्तव और डीजीपी के प्रिंसिपल स्टाफ ऑफिसर कुंवर राष्ट्रदीप भी शामिल हुए।

समीक्षा बैठक मे डीजीपी शर्मा द्वारा जिला एसपी से जिलावार अपराध एवं कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करते हुए चुनौतियां एवं नवाचार, सीमावृति जिले सभी एजेन्सियों से तालमेल रखकर अपराधों की रोकथाम के लिए विभिन्न अभियानों का संचालन, लम्बे समय से पेण्डिंग प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने, महिलाओं, बालकों एवं अनुसूचित जाति/जनजाति अपराधों की रोकथाम एवं मामलों का त्वरित निस्तारण, थाना/कार्यालय में आने वाले परिवादियों के साथ शालिनता से व्यवहार एवं तस्सली पूर्वक सुनने एवं त्वरित कार्यवाही को कहा।

उन्होंने पुलिसिंग की गुणवता, नशे की प्रवृति की रोकथाम, हार्डकोर, हिस्ट्रीशीटर अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही, केस ऑफिसर स्कीम का प्रभावी क्रियान्वयन, फरार अपराधियों की शीघ्र दस्तयाबी, सम्पत्ति सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम, साईबर अपराधों की रोकथाम के लिए प्रचार-प्रसार एवं प्रभावी कार्यवाही, झूठे प्रकरण दर्ज करवाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही, नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन सहित विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श कर निर्देश प्रदान किये गये। इस बैठक में जोधपुर ग्रामीण, पाली, जालोर, सिरोही, बाड़मेर, जैसलमेर, बालोतरा और फलौदी जिलों के पुलिस अधीक्षक और मनोनीत वृताधिकारी व थानाधिकारी उपस्थित रहे।

समीक्षा बैठक के बाद महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधियों से भी बातचीत की। उन्होंने मीडिया से पुलिस के प्रयासों में सहयोग की अपील करते हुए बताया कि पुलिस जनता के साथ मिलकर काम करके ही अपराधमुक्त समाज का निर्माण कर सकती है।



पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा का बाड़मेर पहुंचने पर पुलिस अधिकारियों ने स्वागत किया।

# कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय जनसुनवाई कल

**जयपुर।** जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए 18 सितम्बर (गुरुवार) को जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि एवं समस्त संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे। जिलास्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य सचिव या प्रभारी सचिव भी जुड़ेंगे। जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से हिस्सा लेंगे। इस दौरान जिले के सभी विभागों के अधिकारी जनसुनवाई में भाग लेकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण करेंगे। इससे पहले गुरुवार को ही जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की जायेगी।

# हाऊसिंग बोर्ड लगाएगा 'शहरी सेवा शिविर'

**जयपुर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा 17 सितम्बर 2025 से 17 अक्टूबर 2025 तक प्रदेशभर में 'शहरी सेवा शिविर 2025' का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन को शिविरों के माध्यम से एक ही स्थान पर त्वरित और पारदर्शी समाधान उपलब्ध कराना है। शिविरों में नागरिकों से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया जाएगा।

# कोटा पहुंचे सतीश पूनिया ने कांग्रेस को कई मुद्दों पर घेरा



कोटा पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और हरियाणा के प्रभारी सतीश पूनिया का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

**कोटा, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और हरियाणा के प्रभारी सतीश पूनिया मंगलवार को दो दिवसीय कोटा दौरे पर रहे। सर्किट हाऊस में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने वोट चोरी मुद्दे पर कहा कि देश में राजनीतिक तौर पर किसी को पूछा जाए तो चोरी का सारा रजिस्टर्ड रिकॉर्ड कांग्रेस का है। कांग्रेस ने कोई चीज नहीं छोड़ी है जिसमें जीप, पनडुब्बी, स्पेक्ट्रम और कोयला से लेकर सारे चोरी के काम कांग्रेस पार्टी के हैं।

- चोरी का सारा रजिस्टर्ड रिकॉर्ड कांग्रेस का, कांग्रेस ने कोई चीज नहीं छोड़ी : पूनिया

सतीश पूनिया ने कहा कि जब कांग्रेस चुनाव जीत जाती है तब कुछ नहीं और चुनाव हारने पर चुनाव आयोग पर ही आरोप लगा दिए जाते हैं। यह बयान भारत, संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ हैं। चुनाव आयोग स्वतंत्र रूप से लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष रूप से काम करता है, इसलिए यह बयान गैर जिम्मेदाराना है। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश सरकार पर कहा कि भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अच्छा काम कर रही है। विधानसभा में कैमरे की बात पर उपजे बवाल और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की टिप्पणी पर उन्होंने कहा कि इन चीजों का कोई तथ्यात्मक आधार नहीं है। केवल लोगों में भ्रम पैदा करके नैरेटिव को सेट करना है। यहीं काम देश-प्रदेश में कांग्रेस के नेता कर रहे हैं। यह बेबुनियाद बातें हैं जिनका कोई स्तर नहीं है। सतीश पूनिया ने प्रदेश में पर्ची बदलने के सवाल पर कहा कि कांग्रेस की पर्ची हिंदुस्तान और राजस्थान की जनता ने बदल दी है। बौखलाहट, चिंता और परेशानी कांग्रेस के लोगों के चेहरे और शब्दों में नजर आती है, किस तरह से स्तरहीन भाषा का उपयोग कर रहे हैं। उनकी पर्ची को देश की जनता ने नीति और विवाद से नकार दिया है।

बिहार चुनाव पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मुद्दों पर ही वहां की जनता वोट देगी। बिहार में पहले रेडियो व टीवी पर हम देखते थे कि अराजकता थी, कानून व्यवस्था और विकास काफी दूर था। जब से एनडीए का आगमन हुआ है विकास और कानून व्यवस्था सुधर गई है। बिहार की जनता राष्ट्रीय मुद्दों पर मतदान करेगी। इंडी गठबंधन अभी बयानों तक ही सीमित हैं। यह लोग पीएम मोदी की माताजी के खिलाफ भी गलत भाषा का उपयोग करते हैं। इस दौरान पंकज मेहता, पूर्व जिला अध्यक्ष हेमन्त विजय व कृष्ण कुमार सोनी, भाजपा नेता मुकेश विजय, लक्ष्मण सिंह खींची, युधिष्ठिर खटाना, साहिल मिर्जा, अजय चौधरी, रवि चौधरी व मुकेश हरचंदानी सहित कई नेता मौजूद रहे।

# 35 तोला सोना और एक लाख की चोरी मामले में तीन गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** कोतवाली थाना पुलिस ने शहर के पातेला मोहल्ले में सूने मकान से लाखों के जेवर व एक लाख नगदी चोरी की वारदात का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही हैं।

कोतवाली थानाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि सागवाड़ा निवासी ताह ने थाने में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया था कि उसकी सासू फातिमा डूंगरपुर शहर के पातेला मोहल्ले में अकेले रहती है। जुलाई माह में रमजान के तहत चेन्नई गई थी। पीछे से मकान सूना था। नौ जुलाई को पड़ोसियों ने सूचना दी कि घर के ताले टूटे पड़े हैं। जिस पर हम मकान पर पहुंचे तो चोर सूने मकान से करीब 35 तोला सोने के आभूषण व 1 लाख रुपए की नगदी चुराकर ले गए थे। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू की। पुलिस ने पारंपरिक पुलिसिंग व मुखबिर के जरिए मिली सूचना पर जांच करते हुए गुजरात निवासी भगत सिंह को डिटेन किया। पुलिस पूछताछ में भगत सिंह ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को करना कबूल किया, जिस पर पुलिस ने भगत सिंह, उसके साथी डूंगरपुर निवासी दिलीप सिंह और सतपाल सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश के साथ चोरी के माल की बरामदगी के प्रयास में जुटी है।

# पूगल-छत्तरगढ़ में करोड़ों रुपए की जमीन के सबसे बड़े घोटाले की जांच अधूरी

**बीकानेर, (निसं)।** बीकानेर के पूगल-छत्तरगढ़ में करोड़ों रुपए की जमीन के सबसे बड़े घोटाले की जांच के लिए पुलिस और एसीबी को पूरा रिकॉर्ड ही नहीं मिल पा रहा है। पुलिस को तीन और एसीबी को दो अलग-अलग मुकदमों की जांच करनी है, लेकिन एक साल बाद भी पुलिस और एसीबी इस निष्कर्ष पर भी नहीं पहुंच पाए कि मामले से संबंधित कितने लोगों के बयान लेने हैं। जांच कब पूरी होगी, इसका जवाब दोनों एजेंसियों के पास नहीं है।

- जमीन के घोटाले की जांच के लिए पुलिस और एसीबी को पूरा रिकॉर्ड ही नहीं मिल रहा है
- जमीन घोटाले में तीन मुकदमों की जांच पुलिस और दो की जांच एसीबी को करनी है

जानकारी के अनुसार कांग्रेस सरकार के समय पूगल और छत्तरगढ़ में बड़े स्तर पर जमीनों का फर्जी तरीके से आवंटन किया गया था। सत्ता बदली और भाजपा सरकार आई तो जिला प्रशासन ने जांच कराई। उजागर हुआ कि अधिकारियों-कर्मचारियों की मिलीभगत से 100 से ज्यादा लोगों को जमीनों का फर्जी आवंटन कर दिया गया, जिससे सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ। दो आरएएस सहित 34 कार्मिकों और 132 लाभार्थियों के खिलाफ पूगल-छत्तरगढ़ में तीन और एसीबी में भी दो अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए। पुलिस और एसीबी दोनों को मामले से संबंधित पूरा रिकॉर्ड ही नहीं मिल पाया है और जांच ठंडे बस्ते में हैं। दोनों एजेंसियां अभी तक ये भी तय नहीं कर पाई हैं कि मामले में कुल कितनी पत्रावलियां हैं और कितने लोगों के बयान लेने होंगे। भाजपा सरकार में बीकानेर के सबसे बड़े जमीन घोटाले के मुकदमे तो दर्ज कर लिए गए, लेकिन उनकी जांच को लेकर गंभीरता नहीं है। उच्च अधिकारी, सरकार के मंत्री और नेताओं ने भी इन मामलों को अब तक अनदेखा कर रखा है। एसीबी में तो मुकदमा दर्ज करने में ही छह माह लग गए थे, ऐसे हालातों में जांच पूरी कब होगी, इसका सटीक जवाब देने के लिए कोई तैयार नहीं। जानकारों का कहना है कि मामलों की सही जांच होने पर 300 करोड़ रुपए से ज्यादा का घोटाला उजागर होगा।

प्रशासन की ओर से जमीनों के फर्जीवाड़े की जांच के लिए आईएएस यक्ष चौधरी की देखरेख में कमेटी बनी जिसमें तत्कालीन डीएसओ सुभाष चौधरी, राजस्व विभाग के सहायक लेखाधिकारी श्रवणसिंह चारण, वरिष्ठ विधि अधिकारी कपिल तंवर, तहसील राजस्व लेखाकार कपिल तंवर को शामिल किया गया। इस कमेटी की जांच रिपोर्ट सरकार को भेजी, जिसके आधार पर पूगल-छत्तरगढ़ पुलिस थानों और एसीबी में मुकदमे दर्ज हुए। छत्तरगढ़ में 1546 हेक्टेयर जमीन के फर्जीवाड़े में 19 लोकसेवक और 101 लाभार्थियों व पूगल में 508.68 हेक्टेयर जमीन के फर्जी आवंटन में 16 लोकसेवक और 31 लाभार्थियों के खिलाफ जांच होनी है।

रघुवीरप्रसाद शर्मा, एएसपी श्रीगंगानगर ने बताया कि जैसे-जैसे जांच में जरूरत सामने आ रही है, रिकॉर्ड लिए जा रहे हैं। रिकॉर्ड में कमियां हैं जिनकी जांच की जा रही है। बयान भी लिए जा रहे हैं। मामले से जुड़ी चेन है जिसकी कड़ियां जोड़ना है। लाभार्थियों के बयान लेकर उनके खातों की जांच की जा रही है।

आशीष कुमार, एसीबी की स्पेशल यूनिट के एएसपी और आईओ श्रीगंगानगर का कहना है कि एसीबी को मामले से संबंधित रिकॉर्ड ही नहीं मिल पाया है। एसडीएम को बार-बार लिखने के बाद अब कलेक्टर को पत्र लिखकर रिकॉर्ड उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। जमीनों के फर्जी आवंटन के दो मुकदमों की जांच की जानी है।

# फूलिया कलां खारी नदी हादसा : तीन मृतकों का अंतिम संस्कार किया

**शाहपुरा, (निस)।** फूलिया कलां के वैष्णव समाज परिवार जनों के जयपुर में हुए हादसे के बाद फूलिया कलां धानेश्वर में दाह संस्कार के बाद खारी नदी में नहाने गए सात लोग नदी में डूब गए, जिसमें मौके पर दो युवक महेन्द्र माली (25) व बरदी चंद माली (34) की मौत हो गई तथा तीसरे महेश शर्मा (25) का काफी तलाश में बाद महेंद्र का भी शव मिल गया। हादसे में खेड़ा हैतम के तीनों युवकों की मौत हो गई। नदी में डूबे जीवराज माली, राकेश माली, विजय प्रताप सिंह की हालत गंभीर होने से शाहपुरा जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जिनका उपचार के बाद मंगलवार को छुट्टी दे दी गई। वहीं तीन मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया। सोमवार अचानक हुई हृदय विदारक घटना से गांव में कोहराम मच गया, लोग सन्न रह गए तथा घरों में चूल्हे नहीं जले। खेड़ा हेतम गांव में जैसे ही तीनों युवाओं के शव पहुंचे तो कोहराम मच गया, सैकड़ों की तादाद में ग्रामीणों और परिवार जनों ने अंतिम विदाई दी। खेड़ा हेतम निवासी मृतक महेंद्र माली (25) पुत्र रामेश्वर माली के एक पुत्र (4) व एक पुत्री (2) है, पिताजी का देहांत हो चुका है, बूढ़ी मां है। इन सभी की जिम्मेदारी महेंद के कंधों पर थी।